**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं .1154**
**01/08/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) नेटवर्क की संस्थापना

1154. #श्री आदित्य प्रसाद:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूरे देश में, विशेषकर झारखंड में, डॉपलर मौसम रडार (डीडब्ल्यूआर) नेटवर्क की संस्थापना का ब्यौरा क्या है;
(ख) परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है तथा इस प्रयोजन के लिए चयनित स्थलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) पूरे देश में, विशेषकर झारखंड में किसानों को सही मौसम की जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों में उपयुक्त स्थलों पर एक्स-बैंड डॉपलर रडार स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या नए कदम उठाए गए हैं ?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (प्रभार स्वतंत्र)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्तमान में देश के विभिन्न केंद्रों पर 39 डॉपलर मौसम रेडार (DWRs) स्थापित किए गए हैं। यद्यपि, झारखंड राज्य में कोई डॉपलर मौसम रेडार (DWR) नहीं हैं, परंतु पटना, कोलकाता और पैरादीप में स्थापित 3 डॉपलर मौसम रेडार (DWR) झारखंड के उत्तरी, पूर्वी, एवं दक्षिणी भागों को कवर करते हैं। डॉपलर मौसम रेडार (DWRs) नेटवर्क का विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है: इसके अतिरिक्त, एक सी-बैंड DWR खरीदने का कार्य प्रगति में है, जिसे झारखंड राज्य के रांची शहर में स्थापित किया जाएगा।

(ख) कुल मिलाकर 12 सी-बैंड डॉपलर मौसम रेडार रायपुर (छत्तीसगढ़), संबलपुर (ओडिशा), बेंगलुरु (कर्नाटक), जोरहट (असम), छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र), अहमदाबाद (गुजरात), रांची (झारखंड), पोर्ट ब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह), मालदा (पश्चिम बंगाल), मैंगलोर (कर्नाटक), बालासोर (ओडिशा), लक्षद्वीप (लक्षद्वीप) में स्थापित किए जाने हैं।

(ग) गुवाहाटी, तेजपुर, सिल्चर, इंफाल, अईजोल, दीमापुर, धुबरी, नामसाई, पश्चिम अरुणाचल प्रदेश, मध्य अरुणाचल प्रदेश, तथा पुणे, वाराणसी, कोलकाता, कोझीकोडे, भुबनेश्वर तथा पूर्णिया के शहरी क्षेत्रों में स्थापित किए जाने के लिए 16 एक्स-बैंड डॉपलर मौसम रेडार (DWR) खरीदने की प्रक्रिया चल रही है। इन डॉपलर मौसम रेडार (DWRs) का स्थान इस तरीके से वितरित किया गया है कि भारतीय क्षेत्र में विभिन्न राज्यों में मौसम की स्थिति की यथा संभव सबसे अच्छे तरीके से निगरानी की जा सके।

**अनुलग्नक -1**

**भारतीय क्षेत्र में डॉपलर मौसम रेडार (DWRs) का नेटवर्क:**

| *क्र.सं.* | *राज्य* | *केन्द्र का नाम* | *DWR का प्रकार* |
|---|---|---|---|
| 1. | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | एस-बैंड |
| 2. | आंध्र प्रदेश | मछलीपटनम | एस-बैंड |
| 3. | | विशाखापट्टनम | एस-बैंड |
| 4. | | हैदराबाद | एस-बैंड |
| 5. | | श्रीहरिकरोटा (इसरो), | एस-बैंड |
| 6. | दिल्ली | पालम | एस-बैंड |
| 7. | | मुख्यालय नई दिल्ली | सी-बैंड (पोलैरिमीट्रिक) |
| 8. | | आया नगर | एक्स-बैण्ड |
| 9. | महाराष्ट्र | नागपुर | एस-बैंड |
| 10. | | मुम्बई | एस-बैंड |
| 11. | | मुम्बई वेरावली | सी-बैण्ड |
| 12. | | सोलापुर | सी-बैण्ड |
| 13. | त्रिपुरा | अगरतला | एस-बैंड |
| 14. | बिहार | पटना | एस-बैंड |
| 15. | उत्तर प्रदेश | लखनऊ | एस-बैंड |
| 16. | पंजाब | पटियाला | एस-बैंड |
| 17. | असम | मोहनबाड़ी | एस-बैंड |
| 18. | मध्य प्रदेश | भोपाल | एस-बैंड |
| 19. | ओडिशा | पारादीप | एस-बैंड |
| 20. | | गोपालपुर | एस-बैंड |
| 21. | तमिलनाडु | कराईकल | एस-बैंड |
| 22. | | चेन्नई एनआईओटी | एक्स-बैण्ड |
| 23. | | चेन्नई | एस-बैंड |
| 24. | गोवा | गोवा | एस-बैंड |
| 25. | गुजरात | भुज | एस-बैंड |
| 26. | राजस्थान | जयपुर | सी-बैंड (पोलैरिमीट्रिक) |
| 27. | जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | एक्स-बैण्ड |
| 28. | | जम्मू | एक्स-बैण्ड |
| 29. | | बनिहाल टॉप | एक्स-बैण्ड |
| 30. | केरल | कोच्चि | एस-बैंड |
| 31. | | वीएसएसी (इसरो) तिरुवनंतपुरम | सी-बैण्ड |
| 32. | उत्तराखण्ड | मुक्तेश्वर | एक्स-बैण्ड |
| 33. | | सुरकंडा देवी | एक्स-बैण्ड |
| 34. | | लैंसडाउनी | एक्स-बैण्ड |
| 35. | लद्दाख | लेह | ट्रांसपोर्टेबल एक्स-बैण्ड |
| 36. | हिमाचल प्रदेश | कुफरी | एक्स-बैण्ड |
| 37. | | जोत | एक्स-बैण्ड |
| 38. | | मुरारी देवी | एक्स-बैण्ड |
| 39. | मेघालय | चेरापूंजी (इसरो) | एस-बैंड |

********